कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांकः– 12.07.2021

प्रेस समाचार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा राजस्थान के ऐसे राजकीय महाविद्यालय जिनमें विषय विशेष के रिक्त पदो पर गेस्ट फैक्लटी के माध्यम से अध्यापन करवाये जाने हेतु " **विद्या संबल योजना**" प्रारंम्भ की जा रही है, जिसके अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय जिनमें विषय विशेष के स्वीकृत पदो में से 60 प्रतिशत पद रिक्त होने पर गेस्ट फैक्लटी के माध्यम से अध्यापन करवाया जायेगा। वर्तमान में प्रभावी महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताधारी निजी अभ्यर्थियो/महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियमो के अन्तर्गत सेवानिवृत शैक्षणिक अधिकारी को ही गेस्ट फैक्लटी के रुप में लगाया जा सकेगा। निजी अभ्यर्थियो के संबध में न्यूनतम आयु 21 वर्ष होगीं। स्थानांतरण /नवीन नियुक्ति द्वारा रिक्त पद के भरे जाने पर गेस्ट फैक्लटी की व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जायेगी।यह व्यवस्था पूर्णत अस्थायी एवं केवल एक सत्र/एक सेमेस्टर के लिये है तथा भविष्य में इस व्यवस्था के आधार पर नियमित नियुक्ति हेतु दावा नहीं किया जा सकेगा। गेस्ट फैक्लटी पर रखे जाने वाले अभ्यर्थियो को निर्धारित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी डॉ. राधा सारस्वत ने बताया कि महाविद्यालय में विषयवार गेस्ट फैक्लटी हेतु रिक्तियो का विवरण इस प्रकार है –

महाविद्यालय का नाम :– राजकीय महाविद्यालय, सांचौर

विषय	रिक्त पद संख्या
समाज शास्त्र	01

महाविद्यालय का नाम :– श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

विषय	रिक्त पद संख्या
अंग्रेजी	01
व्यावसायिक प्रशासन	01

इस योजना के समस्त दिशा निर्देश व प्रारुप महाविद्यालय की वेबसाइट (**https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcjalore**) पर उपलब्ध है।

विद्या सम्बल योजना में आवेदन करने हेतु संशोधित तिथियां निम्नानुसार रहेगी।

क्र.स.	विवरण	वार व तिथि
1.	आवेदन पत्र भरना- प्रांरम्भ होने की तिथि	मंगलवार – 22.06.2021
2.	आवेदन पत्र भरने की संशोधित अंतिम तिथि	गुरूवार – 22.07.2021
3.	आवेदन पत्रो की जांच हेतु अंतिम तिथि	मंगलवार – 27.07.2021
4.	अंतिम पात्रता सूची का प्रकाशन	आयुक्तालय से अनुमोदन होने के पश्चात्

प्राचार्य